Bareilly, Saturday,
4 April 2026

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, BOTTOM

एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने अमरोहा को 10 रनों से हराया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 April): एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ. मुख्य अतिथि महापौर डा. उमेश गौतम ने ट्राफी का अनावरण के साथ सभी को टूर्नामेंट की बधाई दी और सभी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ अच्छे खेल के लिए प्रेरित किया. उन्होंने एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति की गेंद पर शाट खेल कर विधिवत रूप से मैच के आरंभ होने की घोषणा की. एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच आरंभ होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में टास कराया. श्रीराम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कालेज स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार दोपहर पहला मैच ग्रुप- बी की एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के टीमों के बीच हुआ. इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कैप्टन आदर्श शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. बल्लेबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 162 रन बनाए, जिसमें विश्वेंद्र चौधरी ने आक्रामक खेलते हुए अर्धशतक के साथ टीम की ओर से सर्वाधिक 50 रन बनाए. विश्वेंद्र ने 26 गेंदों सामना करते हुए सात चौके और दो छक्के लगाए. 162 रन के जवाब में बजाज टैक्सटाइल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. 18 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 18.4 ओवर में 152 रन बना सकी.

चीफ गेस्ट महापौर डॉ. उमेश गौतम ने ट्राफी का किया अनावरण.